मध्य प्रदेश में जशपुर को उपग्रह प्रणाली से जोड़ा जाना

14. **श्री दिलीप सिंह जूदेव** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मध्य प्रदेश में रायगढ़ जिले के जशपुर शहर को उपग्रह प्रणाली से युक्त टेलीफोन एक्सचेंज से जोड़े जाने की योजना को स्वीकृति प्रदान की गई थी,

(ख) यदि हां, तो इस योजना को कब स्वीकृति प्रदान की गई थी और प्रदेश के अन्य किन स्थानों पर इस प्रणाली के स्थापित किए जाने की योजना को स्वीकृति प्रदान की गई थी

(ग) इस प्रणाली को कब तक स्थापित किया जाएगा, और

(घ) इस संबंध में आवश्यक उपकरण प्रदान करने संबंधी ब्यौरा क्या हैं?

संचार मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा) : (क) जी नहीं, मध्य प्रदेश में रायगढ़ जिले के जशपुर नगर को जोड़ने के लिए, उपग्रह प्रणाली अनुमोदित नहीं की गई हैं। तथापि, जशपुर नगर को आप्टिकल फाइबर माध्यम द्वारा रायगढ़ से जोड़ने का प्रस्ताव हैं।

(क) मध्य प्रदेश में, उपग्रह प्रणाली के माध्यम से लम्बी दूरी मिडिया हेतु अनुमोदित अन्य स्थानों की सूची विवरण में दी गई हैं। (नीचे देखिए)

(ख) दांतेवाड़ा, देवभोग, बैहार तथा ब्यौहारी में उपग्रह प्रणलियां संस्थापित कर दी गई हैं। अन्य स्थानों पर उपस्करों के उपलब्ध होने पर, इस वर्ष (1997-98) के दौरान यह प्रणालियां स्थापित करने की योजना हैं।

(ग) उन स्थानों पर अभी तक ये प्रणालियां स्थापित नहीं की गई हैं, जिनके लिए अभी तक उपस्कर, प्राप्त नहीं हुए हैं, यघपि, क्रयादेश दिए जा चुके हैं।

विवरण

स्टेशनों (स्थानों) की सूची

क्र. सं.	स्टेशन का नाम
1.	दांतवाड़ा
2.	रामानुजंगज
3.	देवभोग
4.	बैहार
5.	भाभड़ा
6.	ब्यौहारी
7.	भानपुरा
8.	बीजापुर
9.	शिवपुरकला
10.	मंडू
11.	पंचमढ़ी
12.	कोटा
13.	सुकमा
14.	समारी (कुसुमी)

Introduction of twin Digital MARR Technology upto 50 connections

15. SHRI SATISH AGARWAL: Will the Minister of OMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether DOT introduced Digital MARR technology upto 50 connections; and

(b) if not, by when it will be introduced?

THE MINISTER OF COMMUNICATIONS (SHRI BENI PRASAD VARMA): (a) and (b) No, Sir. Modular higher capacity rural digital technology is under testing.

CBI inquiry against village telephone MARR equipments

16. SHRI SATISH AGARWAL: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that DOT has initiared CBI inquiry against village telephone/MARR equipments; and

(b) if so, the reasons for new tender for procurement of Analog MARR?

THE MINISTER OF COMMUNICATIONS (SHRI BENI PRASAD VARMA): (a) Yes Sir. The CBI has been requested to investigate the matter.